C M Y K


Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:15 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 15 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 27 जून 2024

मानसून में है सरोवर नगरी भ्रमण..... पेज 3 पर


# जनता को मेरी सरकार पर भरोसा: राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली**

एजेंसी




राष्ट्रपति ने आपातकाल को बताया संविधान का काला अध्याय, अभिभाषण में सरकार का रोडमैप भी बताया उन्होंने कहा कि मैं 18वीं लोक सभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आप सभी यहां देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर आए हैं। देशसेवा और जनसेवा का ये सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है। नई लोकसभा का पहला सत्र गत सोमवार को शुरू हुआ था। इसके अलावा राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी संवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है। मेरी सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है।










# दो लोग के खातों से लाखों रूपए की नगदी उड़ाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जागरूकता और प्रचार प्रसार करने के बाद भी साइबर ठगी की वारदातें कम नहीं हो रही हैं। साइबर जालसाजों ने दो लोगों को जाल में फांस कर उनके खातों से लाखों रूपए की नगदी निकाल ली। पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में की है। साइबर पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। पुष्प विहार कालोनी गैस गोदाम रोड हल्द्वानी निवासी दिनेश चंद्र पुत्र हरी दत्त लोहुमी ने साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमायूं परिक्षेत्र रुद्रपुर में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पिताजी सुबेदार हरी दत्त लाहुमी आर्मी से सेवानिवृत्त हैं जिनकी उम्र 86 वर्ष है। बीती 4 जून को उनके मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को आरके पुरम पुलिस स्टेशन का हेड कांस्टेबल बताया। उसने बताया कि उनके पास हाईकोर्ट से आदेश आया है जिसमें आपके बैंक खातों में मनी लान्ड्रींग होनी पायी गयी है जिसमें 25 लाख रूपए का गबन होना पाया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत



साईबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। जिस पर उसके पिताजी ने कहा कि दन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है जिस पर उसने कहा कि आप की ओर से हम साईबर कम्प्लेन कर देंगें, जैसा हम बताएं वैसा करें। उन्होने उसी समय साईबर थाने को फोन कान्फ्रेन्स में ले लिया। जिसके बाद उसके पिता ने उक्त व्यक्ति के बताये अनुसार रिपोर्ट दर्ज करा दी। उसी समय किसी अज्ञात व्यक्ति जिसने अपने को साईबर इन्सपेक्टर बताया उसके पिता के बयान दर्ज कर लिए औी उन्हें बताया कि आप इस अभियोग के लाभार्थी खाताधारक है तथा इस मनी लोन्ड्रिंग के सम्बन्ध में जब तक आपसे सम्पूर्ण पूछताछ नहीं होती आप हमारे सर्विलांस पर हैं। हम आपके बैंक खाते की जांच पड़ताल करेंगे तथा एक-एक एण्ट्री को देखेगे। जो कमीशन आपको मिला है, उस को हम आपके खाते से जब्त कर लेंगे। शेष धन आपके खाते में वापस कर देंगें। जब उन्होंने मना किया तो उन्हें डरा धमका कर बोला गया कि इसकी जानकारी किसी से साझा न करें तथा इन्वेस्टिगेशन के लिए हमें आपका इन्टरनेट बैंकिग खोलना पड़ेगा। साइबर जालसाजों ने उन्हें एरेस्ट व इन्वेस्टिगेट के नाम पर डरा धमका कर उनका भारतीय स्टेट बैंक खाते का एक्सेस ले लिया। जिसके उनके एसबीआई के बैंक खाते से 4 लाख 20 हजार और 5 लाख रूपए की धनराशि ट्रान्सफर कर दिए। उस धनराशि में से कोई भी धनराशि वापस नहीं मिली तो उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ। वहीं शिवपुरम फेस 1 हनुमान मंदिर कुसुमखेड़ा निवासी सतीश चंद्र दुर्गापाल ने भी स्टॉक मार्केटिंग के नाम पर उससे 8 लाख 68 हजार रूपए की ठगी करने की शिकायत साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसने अपने फेसबुक अकाण्ट पर स्टोक मार्केटिंग का विज्ञापन देखा और विज्ञापन पर क्लिक किया। जिसके बाद टेऊडिंग के लिए उसे ग्रुप से जोड़ दिया। उसे निवेश के लिए 10 हजार रूपए की धनराशि जमा कराई गई। इस तरह से उससे साइबर जालसाजों ने 8 लाख 68 हजार रूपए की धनराशि जमा करवाई ।जब उसने मार्केटिग के संबंध में ग्रुप से जुड़े दूसरे लोगों से फोन पर संपर्क किया तो संपर्क नहीं हो सका जिसके बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। दोनों पीड़ितों ने साइबर जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

## उच्चके ने महिला के गले से मंगलसूत्र झपटा

**हल्द्वानी।** पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही एक महिला के गले से उच्चके ने मंगलसूत्र, कानू के झुमके और सोने की चेन झपट ली। इसके बाद आरोपी चलती ट्रेन से कूद गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। वरखेड़ा बीसलपुर पीलीभीत निवासी मुन्ना गंगवार पुत्र राकेश गंगवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी मां अनीता देवी और उसका छोटा भाई दिव्यांस 23 जून को पीलीभीत पैसेन्जर रेलगाड़ी संख्या-05394 से टनकपुर से पीलीभीत जा रहे थे। तभी टनकपुर स्टेशन से ही सामने की सीट पर एक अंजान युवक आकर बैठ गया तथा छोटे भाई दिव्यांस से कहा कि ऊपर वाली शीट पर पंखे की हवा आती है। ऊपर बैठ बैठ जाओ जिस पर वह ऊपर की शीट पर बैठ गया। जब गाड़ी चकरपुर जंगल पर धीरे-2 चलने लगी तभी उस अंजान युवक ने मेरी माता जी से कहा कि तुम्हारे सिर पर कॉकरोच है। जब उन्होंने सिर से साड़ी का पल्लू हटा कर काकरोच भगाने लगी तभी उस युवक ने उनके दाएं कान पर पहने सोने का झालाव गले में पहने सोने की चैन और मंगलसूत्र पर झपट्टा मार दिया और वहां से फरार हो गया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारी पहुंचे नगर निगम मुख्य बाजार में जल निकासी के लिए सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर। बरसात से पूर्व मुख्य बाजार में जलभराव से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध करने की मांग को लेकर व्यापारी नगर निगम पहुंचे। उन्होंने ने उप नगर आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी एकत्रित होकर निगम पहुंचे। व्यापारी उपनगर आयुक्त से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि मुख्य बाजार में जब से नाले का निर्माण हुआ था तब से ठेकेदार ने नाले के अंदर से बल्ली फंटी और शटरिंग का सामान भी छोड़ दिया था। जिसके कारण आये दिन बाजार में बिना बरसात के ही सड़कों पर पानी आ जाता है। कहा कि मानसून जल्द आने वाला है ऐसे में समय रहते मुख्य बाजार में जलभराव के पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिए । उपनगर आयुक्त ने व्यापारियों को जल निकासी के लिए व्यापक इंतजाम करने का आश्वासन दिया। इस दौरान महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राहुल सरीन, बॉबी टुटेजा, आकाश भुसरी, शिवेन सेठी, पवन गावा, राजकुमार सिकरी आदि शामिल थे।



## बिड़ला विद्या मंदिर में ऑल इंडिया आईपीएससी ताइक्वाडों चैंपियनशिप शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

बिड़ला विद्या मंदिर में दो दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी ताइक्काडों चैंपियनशिप शुरु हो गयी है जिसमें देश भर के आठ प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बता दें प्रतियोगिता में जो टीमें प्रतिभाग कर रही हैं उनमें क्रमश: बिरला विद्या मंदिर नैनीताल, असम वैली स्कूल असम, हैदराबाद पब्लिक स्कूल हैदराबाद, एम्राल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, संस्कार वैली स्कूल भोपाल, राज कुमार कॉलेज राजकोट, पेस्टल वीड स्कूल देहरादून तथा जीडी बिड़ला स्कूल रानीखेत आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। इससे पूर्व प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर बिड़ला स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने अतिथियों समेत सभी का स्वागत किया। कहा कि ताइक्कांडो एक कोरियाई मार्शल आर्ट न केवल शारीरिक फि टनेस और आत्मरक्षा के लिए जाना जाता है बल्कि यह आत्म नियंत्रण व अनुशासन और मानसिक शक्ति का भी अद्धुत समावेश करता है।

वर्ष 2000 से ओलंपिक खेलों में शामिल होकर इसने अपनी महत्वता और लोकप्रियता को और भी बढ़ा दिया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, वित्त प्रबंधक संजय गुप्ता, आईपीएससी के ऑबजर्वर राकेश शर्मा, उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, हेड मास्टर अजय शर्मा समेत पृथ्वीराज सिंह किरोला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गढिया, जतिन ग्रोवर तथा आकाश बिष्ट व विश्वकेतु वैद्य आदि उपस्थित थे।

## ज्योलीकोट क्षेत्र के गधेरे में डूबने से युवक की मौत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ज्योलीकोट क्षेत्र के गधेरे में डूबने से युवक की मौत हो गई है। भाई की शिकायत पर पुलिस की ओर से सुबह ही गुमशुदगी दर्ज की गई थी। युवक के दोस्तों से पूछताछ के बाद पुलिस ने युवक का शव ढकियाताल से निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के मुताबिक नैनीताल-हल्द्वानी रोड में ज्योलीकोट पेट्रोल पंप के समीप गधेरे में ढकियाताल (हिडनफ ॉल) में मंगलवार को रुद्रपुर से पांच युवक पार्टी करने नैनीताल पहुंचे थे। पार्टी के बाद देर शाम युवक पार्टी करके वापस चले गए लेकिन मोहित आर्य (23) अपने घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों आसपास पूछताछ की जिससे पता चला कि युवक ज्योलीकोट क्षेत्र में अपने दोस्तों के साथ घूमने गया था बुधवार की सुबह जब भाई की कोई सूचना नहीं मिल पाई तब युवक के भाई प्रतीक ने ज्योलीकोट चौकी पहुंचा जब पुलिस ने युवक के साथ घूमने आए अन्य चार युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह मंगलवार को घूमने हिडन फॉल ढकियाताल गए थे। जहां मोहित पानी में लापता हो गया। वह डर गए थे इसलिए किसी को बिना बताए वहां से घर चले गए। युवकों की ओर से जानकारी देने के बाद पुलिस व एसडीआरफ की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद टीम ने सर्च अभियान चलाया। अभियान के बाद युवक का शव ढकियाताल से बरामद किया गया। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश बोहरा ने बताया कि रूद्रपुर निवासी 23 वर्षीय मोहित आर्य की शिनाख्त कर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### शव तो मिला लेकिन कपड़े और मोबाइल गायब

युवक बीते दिवस दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। सभी दोस्त तो घर पहुंच गए लेकिन उक्त युवक अपने घर नहीं पहुंचा जिस पर परिजनों से उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

## NEWS / फटाफट

### मस्जिद चौराहे पर टूटे हुए क्षतिग्रस्त कलमठ तथा चैक डैम को शीघ्र बनाने की मांग, डीएम को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल** । जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष व भवाली की सामाजिक कार्यकत्री खष्टी बिष्ट ने जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन भेजकर नेशनल हाईवे स्थित मस्जिद चौराहे पर टूटे हुए क्षतिग्रस्त कलमठ तथा चैक डैम को शीघ्र बनाने की मांग की है। बिष्ट ने कहा है कि वर्ष 2022-23 में मस्जिद तिराहे स्थित पार्किंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उससे लगे कलमठ तथा उस गधेरे में जो चैक डैम थे आपदा के दौरान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे,जिनका पुर्ननिर्माण नितांत जरुरी है। बिष्ट ने डीएम से गुजारिश की है कि वह मामले को लेकर संबंधित महकमे के अधिकारियों को निर्देशित करें ताकि समय से कार्य शुरु हो सके।

### प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में कक्ष व शैक्षिक ब्लॉक का लोकार्पण



**नैनीताल** । नगर के प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को पुष्पांजलि भवन के द्वितीय तल पर नव निर्मित कक्षा कक्ष व शैक्षिक ब्लाक के जीर्णोद्धार का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बता दें कि द्वितीय तल पर नव निर्मित कक्षा कक्ष का लोकार्पण यतींद्र राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री (विद्या भारती) के द्वारा तथा पुष्पांजलि शैक्षिक ब्लाक के जीर्णोद्धार का लोकार्पण डोमेश्वर साहू (क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती) के द्वारा सम्पन्न हुआ। विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री डॉ0 किशनवीर शाक्य तथा विद्यालय के प्रबंधक श्याम जी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने कहा कि पुष्पांजलि भवन अब स्मार्ट बोर्ड एवं अत्याधुनिक तकनीक से युक्त है जिसके कारण अध्ययन/अध्यापन की प्रक्रिया सहज और सुचारु होगी।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## बाल नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में नाट्य विधा से युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु पिछले तीन दशकों से चली आ रही परम्परा के क्रम में युगमंच एवं शारदा संघ के तत्वावधान में एक माह की बाल नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

बाल नाट्य कार्यशाला एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के निर्देशक वरिष्ठ कलाकार भास्कर बिष्ट के नेतृत्व में एक माह तक चलने वाली इस कार्यशाला में बच्चों को रंगकर्म की बारीकियों से रूबरू करते हुए प्रतिदिन शारीरिक एवं बौद्धिक क्रियाकलापों के रूप में व्यायाम, स्पीच थेरेपी, बुद्धिवर्धक इंडोर खेल आदि क्रियाकलाप कराए जाएंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम ने कहा कि इससे बच्चों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना का विकास होता है। शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि ऐसी कार्यशाला बच्चों को मोबाइल से दूर रखने में सहायक होती हैं।




कार्यक्रम के निर्देशक भास्कर बिष्ट ने कहा कि नियमित अभ्यास से बच्चों के व्यक्तित्व में निखार आएगा। कार्यशाला के दौरान बच्चों की प्रस्तुति हेतु नाट्य आलेख राज्य कवि हेमंत बिष्ट ने तैयार किया है।

कार्यशाला में पहले दिन करीब 20 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला को सफल बनाने में शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र बिष्ट, महासचिव घनश्याम लाल साह, उपाध्यक्ष चंद्र लाल साह सहित युगमंच के संरक्षक डीके शर्मा, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र लाल साह, उपाध्यक्ष नवीन बेगाना, कोषाध्यक्ष भास्कर बिष्ट, सचिव मनोज कुमार, उप सचिव डॉ. हिमांशु पांडे, कार्यकारिणी सदस्य रफत आलम, कौशल शाह जगाती, इंतखाब, सहित कनिका रावत, अदिति खुराना, अनिल कुमार आदि योगदान दे रहे हैं।

## काठगोदाम में घर के बाहर से सात साल के बच्चे को उठा ले गया गुलदार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

काठगोदाम कालटैक्स क्षेत्र में बीती रात गुलदार सात साल के मासूम को घर के बाहर से उठा ले गया। इससे लोगों में दहशत फैल गई। देर रात बच्चे की तलाश की गई लेकिन गुरुवार सुबह उसका शव घटनास्थल से 600 मीटर दूर रेलवे पटरी के पास बरामद हुआ। बताया गया कि देर रात मासूम शोच के लिए बाहर आया था तभी गुलदार ने उसे अपना निवाला बना लिया। सूचना पर वन विभाग व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घटनास्थल हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता रेंज के अंतर्गत आता है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी



प्रीतम यहां मजदूरी करता है और काठगोदाम में ही परिवार के साथ रहता है। बीती रात सात वर्षीय पुत्र शिवा बाहर शोच के लिए आया था कि पहले से घात लगाये बैठे गुलदार उसे उठा ले गया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इधर गुलदार की निगरानी के लिए वन विभाग के कर्मचारी गश्त कर रहे हैं, साथ ही कैमरे भी लगाये गये हैं।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मानसून में है सरोवर नगरी भ्रमण का असल आनंद



अफजल फौजी
ब्यूरो चीफ, नैनीताल

मौसम कई आते हैं और गुजर जाते हैं, पर मानसून है, जो मन को भाता है और प्रकृति की छटा हरियाली से भरकर मन को प्रफुल्लित कर जाता जाता है। अब मानसून आ चुका है, पेड़–पौंधे मानो मुस्कुराने लगे हैं और ऐसे में नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का रंग निखरना शुरू हो गया है। पर्वतों में हरियाली का श्रंगार भरने लगा है। शीत मंद हवाएं वृक्षों को झूमने के लिए मजबूर करती प्रतीत हो रही हैं। यह अनोखा समा प्रकृति प्रेमियों के लिए कुदरत का अनुपम उपहार है, जिस हर किसीको बेसब्री से इंतजार रहता है और सैलानियों को खींचे चले आता है।

नैनीताल की नैसर्गिक सुन्दरता पहचान की मोहताज नहीं, जिसके अंग्रेज भी गुलाम होकर रह गए थे। भले ही ग्रीष्म कालीन सीजन में लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हों, लेकिन इस हिल स्टेशन का असल दीदार मानसून में बनता है। तीन ओर पर्वतमालाओं से घिरा यह शहर मानसून में अलग नजारा पेश करता है। बरसा की रिमझिम फुहारों के बीच इस भ्रमण अनोखा एहसास कराता है तो लंदन फॉग यानी सफेद कोहरे की चादरें नगर को कब नगर को अपने आगोश में लेले और कब किस पर्वत से लिपट जाए, पता ही नहीं चलता।


ये ऐसे सुंदर नजारें हैं, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाते हैं। यही वजह है कि देश विदेश से हजारों सैलानी मानसून के मौसम में यहां पहुंचते हैं।


### कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं

दरअसल ग्रीष्मकाल में सैलानी लाखों की संख्या में नगर सैर में पहुंचते हैं। जिस कारण अफरातफरी में सैलानियों की आवभगत उतनी हो नही पाती है, लेकिन मानसून के तीन महीनों में सैलानियों की भीड़ छट चुकी होती है। जिस कारण होटल कारोबारियों को सैलानियों के स्वागत के लिए खूब समय होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि होटलों के किराए में भारी छूट मिल जाती है। इसके अलावा भी कई सुविधाएं हैं, जो मानसून में उपलब्ध हो जाती हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं वाले नगर के होटल

इस हिल स्टेशन में सैकड़ों होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे हैं, लेकिन चुनिंदा होटल हैं, जहा सैलानियों की ठहरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेरवानी हिलटॉप इन, नैनी रिट्रीट, विक्रम विंटेज, अलका होटल, क्लासिक दी माल, चन्नी राजा, प्रिम रोज, प्रशांत होटल, पर्यटक होटल, गौरी होटल, चिनार, एलफिंस्टन होटल, इंडिया होटल, लेक साइड इन, हैप्पी होम, पैलेस होटल, शशि इन, कपिल इन, शालीमार होटल, आरिफ कैसल्स, शिवराज होटल, बलरामपुर हाउस, वेलकम पार्क आदि होटल हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।






## खूबसूरत जगहों में से एक है नैना पीक

नैना पीक नैनीताल की सबसे ऊंची पहाड़ी है और नैनीताल की सबसे खूबसूरत जगहों में से भी एक है। पहले इसका नाम चाइना पीक था लेकिन, 1962 के भारत–चीनी युद्ध के बाद इस चोटी का नाम बदलकर चाइना पीक से नैना पीक कर दिया गया। अपनी ऊंचाई और हरे भरे जंगल पथ के कारण, नैना पीक ट्रेकिंग के लिए एक पसंदीदा जगह है। आप यहां से टट्टू या घोड़े पर सवार होकर भी चोटी पर पहुंच सकते हैं। अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं तो यह जगह आपके लिये परफेक्ट है। ढलानों के नीचे ट्रेक आपको नैनीताल के अद्‌भुत शहर और नैनी झील के साथ–साथ प्रकृति का जीवंत दृश्य देखने के बाद आप को एक अलग ही सुकून देता है। समुद्र तल से 2611 मीटर की ऊंचाई पर, यह चोटी नैना पीक के रास्ते से लगभग 6 किमी दूर है और रोडोडेंड्रोन, देवदार और सरू के सुखद जंगल की ओर ले जाती है। नैना पीक अपने आसपास चारों तरफ सुंदरता और आकर्षक दृश्य के साथ एक अलग ही छटा प्रस्तुत करता है। यहां आपको बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियाँ बेहद खूबसूरत दिखाई देती हैं। नैना पीक चोटी माल रोड नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र से लगभग 10 किमी और तल्लीताल बस स्टैंड नैनीताल से लगभग 17 किमी दूर स्थित है।






























# नैनीताल में घूमने के लिए खूबसूरत जगहें

नैनीताल हिल स्टेशन उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में स्थित एक बहुत ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। नैनीताल को भारत का झील जिला भी कहा जाता है। क्योंकि नैनीताल कई झीलों से घिरा हुआ है। नैनीताल हिल स्टेशन के चारों ओर बर्फ से ढकी विशाल चोटियाँ हैं,जो चारों ओर फैली हुई हैं । यह समुद्र तल से 7,000 फीट ऊपर स्थित है। आईये हम आपको इस लेख में नैनीताल में घूमने के लिए 10 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों के बारे में बताते हैं, तथा इस आकर्षक हिल स्टेशन में करने के लिए कुछ चीजें और छुट्टियों के दौरान एक अच्छी ट्रिप के लिए नैनीताल के पास घूमने की जगहें।

नैनीताल में एक प्राकृतिक ताजा झील है। जो अर्धचंद्राकार यानी आंख के आकार की है।नैनीताल का यह झील कुमाऊं क्षेत्र की सबसे प्रसिद्ध झीलों में से एक है। नैनीताल झील पर्यटकों के मुख्य आकर्षण का केंद्र भी है। नैनीताल झील सात अलग–अलग चोटियों से घिरी एक मनमोहक जगह है। इस झील को दो अलग–अलग वर्गों में बाँटा गया है, उत्तरी भाग को मल्लीताल और दक्षिणी क्षेत्र को तल्लीताल कहा जाता है। आप यहां पर ऊंचे पहाड़ों का आनंद लेने के लिए एवं उन्हें देखने के लिये नाव की सवारी कर सकते हैं यह आपको नैनीताल झील के साथ दृ साथ उंचें दृ ऊँचे पहाड़ों से भी रूबरू करवाएगा। इसके साथ ही आप यहां पर यहां के पहाड़ों पर से सनसेट के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। और अच्छी फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

नैनीताल झील घूमने का सही समय सुबह 6रू00 बजे से शाम 6रू00 बजे तक खुली रहती है । नैनी झील नैनीताल के तल्लीताल बस स्टैंड से मात्र 1 किमी दूर है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन से यह 25 किमी दूर है।

अगर आप नैनीताल घूमने जा रहें हैं तो आप नैनीताल में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है टिफिन– टॉप यहां पर अवश्य घूमें,टिफिन– टॉप पर्यटन स्थल नैनीताल शहर से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । यह स्थान टिफिन के आकार जैसा दिखाई भी देता है।और इसे ही" डोरोथी की सीट "के नाम से भी जाना जाता है। आयरपट्टा पीक पर स्थित यह टिफिन– टॉप स्थान समुद्र तल से 2292 मीटर की उचाई पर स्थित है। खूबसूरत टिफिन टॉप चेर, ओक और देवदार से घिरा हुआ है। टिफिन टॉप हाइक सभी एडवेंचर प्रेमियों के लिए जरूरी है। इसके साथ ही आप आयरपट्टा पीक पर स्थित टिफिन– टॉप के इस जगह पर प्रकृति की इस खुबसूरती को करीब से निहार सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर जमकर कुदरत के नजारों का मजा ले सकते हैं। साथ ही फॉटोग्राफी के शौकीन लोग अपने इंस्टाग्राम के लिये यहां की ऊँची– ऊँची पहाड़ियों पर अच्छी– अच्छी खुबसूरत पिक्चर क्लिक करवा सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर घुड़सवारी करके यहां की वादियों में घूम सकते हैं।













